आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 18.02.2025 **समय 1830**

मुख्य समाचार :—

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के अभिभाषण के साथ राज्य विधानसभा का बजट सत्र शुरू, विपक्ष ने की सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग।
- राज्यपाल ने अभिभाषण में सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियां गिनाई, वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिए सरकार की प्राथमिकताओं का भी उल्लेख किया।
- केंद्र सरकार ने सरकारी वेबसाइटों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकरूपता लाने के लिए डिजिटल ब्रांड पहचान नियमावली जारी की।
- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बागेश्वर में बेटियों के लिए मेरा सपना, मेरा लक्ष्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बजट सत्र

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के अभिभाषण के साथ आज राज्य विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया। राज्यपाल ने अभिभाषण में सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिए सरकार की प्राथमिकताओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड को एक सशक्त और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

अभिभाषण समाप्ति के बाद दोपहर 3 बजे से विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने राज्यपाल का अभिभाषण पढ़ा। इसके बाद सदन की कार्यवाही कल पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले सदन में कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। विपक्ष, सत्र की अवधि मात्र तीन दिन रखने को लेकर विरोध कर रहा है। उनकी मांग है कि जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए सत्र की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए।

डिजिटल विधानसभा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण की उपस्थिति में आज ई—विधान एप्लीकेशन का लोकार्पण किया। इस बार विधानसभा का बजट सत्र नेशनल ई— विधान एप्लीकेशन के तहत संचालित किया जा रहा है। उत्तराखण्ड में विधानसभा के कार्यों को डिजिटल और पेपरलेस बनाने के लिए ई—विधानसभा प्रणाली अपनाई गई है। इसके माध्यम से विधायकों को कार्यसूची, विधानसभा में पूछे गये प्रश्नों के जवाब और अन्य दस्तावेज अब ऑनलाइन उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके तहत विधानसभा में विधायकों की टेबल पर टैबलेट लगाए गए हैं, और सभी दस्तावेज डिजिटल रूप से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि विधानसभा की कार्यवाही भी अधिक दक्षता से संपन्न होगी।

फायर सीजन नैनीताल

नैनीताल की मनोरा पीक और हल्द्वानी वन प्रभाग की छकाता रेंज में वनाग्नि को लेकर एक मॉक ड्रिल हुई। इसमें वन विभाग, एस.डी.आर.एफ, स्वास्थ्य विभाग और उत्तराखंड फायर सर्विस ने हिस्सा लिया। हल्द्वानी वन प्रभाग के एसडीओ जी. डी जोशी ने बताया कि मॉक ड्रिल मे रिस्पांस टाइम, आग बुझाने के संसाधनों और तैयारियों को परखा गया।

नियमावली

केंद्र सरकार ने सरकारी वेबसाइटों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक—रूपता लाने के लिए डिजिटल ब्रांड पहचान नियमावली जारी की। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने नई दिल्ली में नियमावली का शुभारंभ किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह महत्वाकांक्षी पहल देश के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देगी।

मेरा सपना मेरा लक्ष्य

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बागेश्वर जिला सभागार में बेटियों के लिए मेरा सपना, मेरा लक्ष्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय सीमार की 30 बालिकाओं ने भाग लिया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई और महिला अधिकारियों ने बालिकाओं के साथ संवाद कर उनके जिज्ञासा भरे सवालों के जवाब दिए।
छात्राओं ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

चम्पावत के प्रभारी जिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा और रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गहतोड़ी ने जिला अस्पताल परिसर में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री गहतोड़ी ने कहा कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अस्तित्व में आने से जिले के दिव्यांगजनों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलेंगी।

तहसील दिवस

रुद्रप्रयाग जिले के मुख्य विकास अधिकारी डॉ जी.एस. खाती की अध्यक्षता में तहसील बसुकेदार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय जनता की विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें 19 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का निराकरण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। अधिकांश शिकायतें बिजली, पानी, सड़क, आवास और केदारनाथ आपदा के दौरान घोड़े–खच्चरों व दुकानों के मुआवजे से संबंधित थीं।

परीक्षा पे चर्चा

परीक्षा पे चर्चा–2025 के आठवें एपिसोड में आज संघ लोक सेवा आयोग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, संयुक्त पात्रता परीक्षा, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाण पत्र परीक्षा के मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों ने कहा कि विद्यार्थी अपने मस्तिष्क में सभी प्रकार की जानकारियों को नहीं संग्रहित कर सकते हैं। ऐसे में उन्हें ऐसे विषयों पर ध्यान देना चाहिए, जो परीक्षा में अक्सर पूछे जाते है। उन्होंने विद्यार्थियों को पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र हल करने का भी सुझाव दिया।